युवराज दत्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय
लखीमपुर-खीरी
फोन नम्बर :05872–263188 ई–मेल : ydpgcollege@gmail.com

दिनांक : 10.12.2025

# अति महत्वपूर्ण सूचना
## (नियमित परीक्षा फार्म प्रथम सेमेस्टर)

**स्नातक** (बी.ए., बी.काम. व बी.एससी.)/**परास्नातक** (एम.ए.–अर्थशास्त्र, अंग्रेजी, हिन्दी, इतिहास, दर्शनशास्त्र व राजनीति विज्ञान तथा एम.काम. व एम.एससी.–वनस्पति विज्ञान) एवं बी.एड. **प्रथम सेमेस्टर कक्षाओं** में अध्ययनरत समस्त छात्र/छात्राओं को सूचित किया जाता है कि **विषम सेमेस्टर दिसम्बर–2025** के नियमित परीक्षा **(प्रथम सेमेस्टर)** के ऑनलाइन परीक्षा फार्म लखनऊ विश्वविद्यालय कीं वेबसाइट पर (Samarth Students Login) पर भरने की अन्तिम तिथि **दिनांक 20.12.2025** है।

अतः स्नातक/परास्नातक व बी.एड. प्रथम सेमेस्टर कक्षाओं के समस्त छात्र/छात्राओं को सूचित किया जाता है निर्धारित तिथि तक अपना परीक्षाफार्म भरकर कार्यालय में समस्त आवश्यक संलग्नकों सहित **दिनांक 20.12.2025** तक अवश्य जमा कर दें। विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित अन्तिम तिथि तक परीक्षा फार्म भरकर जमा न करने पर सम्पूर्ण उत्तरदायित्व सम्बन्धित छात्र/छात्रा का होगा।

**स्नातक/परास्नातक एवं बी.एड. प्रथम सेमेस्टर के नियमित परीक्षा फार्म के साथ जमा किये जाने वाले आवश्यक संलग्नक निम्नवत हैं–**

- परीक्षा आवेदन फार्म
- LURNS की छायाप्रति।
- इण्टरमीडिएट/स्नातक अंकतालिकाओं की छायाप्रति।
- आरक्षण सम्बन्धी प्रमाण पत्र की छायाप्रति।
- शुल्क रसीद की छायाप्रति।
- APAAR ID/ABC ID की छायाप्रति।

नोटः–

1. **नामांकन संख्या (Enrollment Number) हेतु महाविद्यालय की वेबसाइट/सूचना पट पर अपलोड/चस्पा सूची देखें।**
2. **ईमेल/मोबाइल नम्बर अपडेट करने हेतु महाविद्यालय से सम्पर्क करें।**
3. **सह पाठ्यक्रम (Co-curricular) विषय का चयन संलग्न सूची के अनुसार करें।**
4. **बैक पेपर/इम्प्रूवमेंट व भूतपूर्व का शुल्क महाविद्यालय में जमा कर शुल्क रसीद प्राप्त करें।**

प्राचार्य
प्राचार्य/PRINCIPAL
यु० द० महाविद्यालय/Y.D.P.G. College
लखीमपुर–खीरी/Lakhimpur-Kheri

(नैक द्वारा A++ ग्रेड प्रत्यायित)

# लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ

संख्या : लविवि / पनिका / 25– 514

दिनांक: 09.12.2025

कार्यालय ज्ञाप

एतत्द्वारा लखनऊ विश्वविद्यालय एवं सहयुक्त महाविद्यालय के छात्र–छात्राओं को सूचित किया जाता है कि स्नातक / परास्नातक एवं डिप्लोमा आदि की विषम सेमेस्टर दिसम्बर–2025 के नियमित परीक्षा (**प्रथम सेमेस्टर के प्रवेशित छात्रों**) के ऑनलाइन परीक्षाफार्म लखनऊ विश्वविद्यालय की वेबसाइड पर (Samarth Students Login) के माध्यम से भरने की अंतिम तिथि **दिनांक 20.12.2025 निर्धारित की जाती है।**

1. विश्वविद्यालय में प्रवेशित छात्र / छात्रा प्राप्त एनरोलमेन्ट के आधार पर अपना लॉगिन बनाकर परीक्षाफार्म भरने की प्रकिया पूर्ण करेंगे। ऑनलाइन भरे गये परीक्षाफार्म को प्रिन्ट अपने सम्बन्धित संकायाध्यक्ष / विभागाध्यक्ष / निदेशक कार्यालय में जमा करेंगे।
2. विश्वविद्यालय में प्रवेशित छात्रों को परीक्षा शुल्क नही जमा करना है, केवल सावधानीपूर्वक परीक्षाफार्म भरकर सम्बन्धित कार्यालय में जमा करना है।
3. महाविद्यालयों में प्रवेशित छात्र / छात्राओं का एनरोलमेन्ट नम्बर महाविद्यालय के समर्थ लॉगिन पर उपलब्ध है।
4. महाविद्यालयों के छात्र परीक्षाफार्म भरने से पूर्व अपने महाविद्यालय से सम्पर्क कर एनरोलमेन्ट नं० प्राप्त करने के उपरान्त ही परीक्षाफार्म भरने की प्रकिया प्रारम्भ करेंगे।
5. प्रथम सेमेस्टर में प्रवेशित समस्त नियमित छात्रों द्वारा लखनऊ विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर (Samarth Students Login) पर रजिस्ट्रेशन के उपरान्त परीक्षाफार्म भरे जायेंगे।
6. परीक्षार्थी पूर्ण सावधानीपूर्वक अपने कोर्स का चयन करेंगे, तत्पश्चात् अपने प्रश्नपत्रों का चयन करते हुए परीक्षाफार्म पूर्ण करेंगे।
7. परीक्षा फार्म को भॅलीभॉति जॉचकर विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित परीक्षा शुल्क के साथ विद्यार्थी द्वारा अपने महाविद्यालय में जमा किया जाना है।
8. प्रवेशित छात्रों के ई–मेल / मोबाइल न० / विषय / प्रश्नपत्र आदि के संशोधन की व्यवस्था महाविद्यालय के समर्थ लॉगिन पर उपलब्ध है।
9. परीक्षाफार्म को लॉगिन के माध्यम से अग्रसारित करते हुए विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित तिथि तक परीक्षा शुल्क एवं नामांकन शुल्क महाविद्यालय द्वारां समर्थ पोर्टल पर उपलब्ध ई–मैनडेट के माध्यम से ऑनलाइन शुल्क जमा किया जायेगा।
10. छात्र ऑनलाइन भरे गये परीक्षा फार्म में किसी प्रकार की त्रुटि / समस्या हेतु **WhatsApp No. 7991200609, 7991200506** एवं **E-mail ID. samarthexamlu@gmail.com** पर **WhatsApp** या ई–मेल कर सकते है।

**समस्त महाविद्यालयों द्वारा अपने महाविद्यालय में भरे गये परीक्षाफार्म के साथ समस्त छात्रों के माईग्रेशन / टी०सी० संलग्न कर सूची विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित परीक्षा शुल्क रसीद के साथ दिनांक 22.12. 2025 तक परीक्षा विभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय में अनिवार्य रूप से जमा किया जायेगा।**

9.12.2025

परीक्षा नियंत्रक

लखनऊ विश्वविद्यालय।

पृष्ठाकंन संख्या एवं दिनांकः उपरोक्त।

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–**

1. सचिव कुलपति को माननीय कुलपति महोदया के अवलोकनार्थ।
2. सम्बन्धित संकायाध्यक्ष / विभागाध्यक्ष।
3. कुलसचिव।
4. वित्त अधिकारी।
5. कुलानुशासक।
6. समस्त प्राचार्य / प्राचार्या, सहयुक्त महाविद्यालयों को इस आशय से प्रेषित कि अपने महाविद्यालय से सम्बन्धित छात्रों को सूचित कर उनके परीक्षाफार्म निर्धारित तिथि तक ऑनलाइन भरवाने का कष्ट करें, जिससे तिथि समाप्त होने के उपरान्त छात्रों को अनावश्यक कठिनाई का सामना न करना पड़ें।
7. निदेशक, आई०पी०पी०आर०।
8. उप कुलसचिव परीक्षा / गोपनीय / प्रभारी, वेवसाइट।
9. कार्यालय अधीक्षक परीक्षा / कक्षा सहायक, (सम्बन्धित कक्षा)।
10. परीक्षा नियंत्रक कार्यालय।

9.12.2025

परीक्षा नियंत्रक

लखनऊ विश्वविद्यालय।